# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 22.09.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित परास्नातक एवं परास्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (एम0पी0ई0एस0 को छोड़कर) में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु अन्तिम अवसर देते हुऐ पुनः आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक खोले जा रहें है। अतः अभी तक पंजीकरण से वंचित छात्र/छात्राऐं उक्त पाठ्यक्रमों में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक अपना पंजीकरण अवश्य कर लें। इसी के क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि पहले से पंजीकृत (परन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी) एवं नये पंजीकृत अभ्यर्थी उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अपने पंजीकरण की हार्डकॉपी सम्बंधित परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों (जिनमें प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है) में दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 26.09.2025 तक जमा करा दें। दिनांक 27.09.2025 को परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ अभ्यर्थियों द्वारा उक्त तिथियों में जमा किये गये पंजीकरण फार्मो के आधार पर सम्बंधित पाठ्यक्रम की अर्हता कक्षा की Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत (जैसे कि weightages of Ward quota percentage, NCC/NSS, Graduation from CCSU etc) को जोड़कर आरक्षण नियमानुसार वरीयता सूची तैयार कर दिनांक 29.09.2025 का Admission Offer Schedule करके भेजेंगें एवं प्रतीक्षा सूची बनाकर दिनांक 29.09.2025 की शांम को दिनांक 30.09.2025 का Admission Offer Schedule करके भेजेंगे।

दिनांक 29.09.2025 एवं दिनांक 30.09.2025 को महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admssion Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें।

इसी क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 23.09.2025 से दिनांक 25.09.2025 तक अपने पंजीकरण फार्म में Academic details and weightage में अगर कोई त्रुटि है तो अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी0 से लॉगइन करके अपडेट कर सकते है।

इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 हेतु उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है इसके बाद उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्णता बंद कर दी जाऐगी।

22/09/25

प्रवेश समन्वयक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।